वर्ष-01, अंक-174
छपरा
शुक्रवार 26 अप्रैल 2024
पृष्ठ - 04

# दैनिक खोजखबर

खबरों की सच्चाई से रू-ब-रू

E-mail : dainikkhojkhabar@gmail.com
E-Paper
website : www.dainikkhojkhabar.live



# पटना के होटल में आग, मां-बेटी समेत 6 की मौत

## 20 घायल पीएमसीएच में भर्ती, 45 का रेस्क्यू; कई लोगों ने कूदकर बचाई जान




**पटना,एजेन्सी।** पटना जंक्शन से 50 मीटर दूर पाल होटल में गुरुवार सुबह अचानक आग लग गई। आग ने आसपास के 3 होटलों को भी अपनी चपेट में ले लिया। हादसे में मां-बेटी समेत 6 लोगों की मौत हुई है। इसमें 3 महिला और 3 पुरुष हैं। सिटी एसपी सेंट्रल सत्यप्रकाश ने बताया कि घायलों में 2 की हालत गंभीर बनी हुई है। जबकि 20 लोगों का इलाज अभी पटना मेडिकल कॉलेज (PMCH) में चल रहा है।

मृतकों में चार की पहचान हुई है। इसमें एक की पहचान दिनेश सिंह कुशवाहा के रूप में हुई है, जो होटल में ही काम करते थे। भभुआ जिले के नखतौल के रहनेवाले थे। इसके अलावा राज लोखी और उसकी बेटी राज लक्ष्मी है, जो पश्चिम बंगाल के पुरुलिया जिले के रहने वाली थी। चौथे की पहचान राहुल कुमार के रूप में की गई है, जो भोजपुर के रहने वाला था। बाकी 2 लोगों की पहचान नहीं हो पाई है, कोशिश की जा रही है।

आग की लपटों के बीच 45 लोगों को निकाला गया है। 2 घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया गया है। फायर ब्रिगेड की 51 गाड़ियों का पानी आग बुझाने में लगा। आग बुझाने के बाद रेस्क्यू के लिए टीम होटल के अंदर गई, जहां शव को निकाला गया।

आग लगने के कारण पटना स्टेशन जाने वाले रास्ते को बंद किया गया था। बिल्डिंग 4 मंजिला थी। सभी फ्लोर पर आग फैली हुई थी। बिल्डिंग में फंसे लोगों को निकालने के लिए हाइड्रा क्रेन का भी सहारा लिया गया। बताया जाता है कि आग लगने से होटल में रखे सिलेंडर में ब्लास्ट हुए, इससे आग भड़क गई। आग ने होटल की पास वाली बिल्डिंग को भी अपनी जद में ले लिया था।

**चश्मदीद ने बताया आग कैसे लगी :** होटल में नाश्ता करने पहुंचे ब्रजेश जवान ने बताया- मैं ऑर्डर देने के बाद हाथ धोने गया था। वो लोग मसाला डाल रहे थे। अचानक प्लास्टिक में आग लगी फिर सिलेंडर ने आग पकड़ ली। पहला सिलेंडर ब्लास्ट हुआ, फिर दूसरा सिलेंडर ब्लास्ट हुआ। नीचे से ऊपर आग फैलती चली गई। तीन लोग नीचे कूद गए। एक महिला भी जान बचाने के लिए नीचे कूदी। एक युवक का पैर टूट गया। करीब 45 मिनट के बाद फायर ब्रिगेड पहुंची।

# नड्डा अपने साथ 5 बैग लाए..जहां चुनाव वहां बांट रहे-तेजस्वी का आरोप



### बोले-सच है, जांच करवा लीजिए, एजेंसियां मदद कर रहीं

**पटना,एजेन्सी।** लोकसभा चुनाव के दूसरे फेज में बिहार की 5 सीटों पर शुक्रवार को वोटिंग होनी है। चुनाव से पहले तेजस्वी यादव ने बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा पर गंभीर आरोप लगाए हैं। मीडिया से बात करते हुए उन्होंने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि, वे (जेपी नड्डा) बहुत सारे बैग उठाकर लाए हैं। जहां-जहां चुनाव हो रहे हैं, वहां पर बांट रहे हैं।

तेजस्वी ने दावा किया कि चेक करवा लें, उनके ये सभी आरोप बिल्कुल सही हैं। जो हम कह रहे हैं वह सत्य है। झूठ नहीं बोल रहे हैं। जांच एजेंसियां उनकी मदद कर रही है। हालांकि, तेजस्वी ने यह नहीं बताया कि इन बैग में क्या था।

इधर तेजस्वी का आरोप पर जदयू और बीजेपी ने पलटवार किया है। बीजेपी के बीजेपी उपाध्यक्ष संतोष पाठक ने कहा कि सावन के अंधे को सब कुछ हरा ही नजर आता है। बीजेपी के किसी भी नेता पर एक पैसे के भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है। तेजस्वी का यह बयान कि बीजेपी अध्यक्ष बैग में नोट भर कर लाए थे, उनकी ओछी मानसिकता को दर्शाता है।

तेजस्वी यादव ने ये भी कहा कि बीजेपी के प्रति लोगों की खराब प्रतिक्रिया की वजह से जेपी नड्डा साफ तौर पर परेशान नजर आए। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन शुक्रवार को होने वाले मतदान में सभी पांच सीटों पर जीत हासिल करेगा।

### मंगलसूत्र वाले बयान पर भी उठाए सवाल

नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव ने पीएम मोदी के ये आपका मंगलसूत्र भी नहीं बचने देंगे वाले बयान पर भी पलटवार किया है। तेजस्वी यादव ने कहा कि माताओं-बहनों का सुहाग छीनने वाले अपनी उपलब्धियां (अगर है तो) गिनाने की बजाए, वास्तविक मुद्दों से ध्यान हटाने के लिए अब मंगलसूत्र के बारे में बातें कर रहे है। हमारी माताएं-बहनें मंगलसूत्र किस लिए पहनती है? अपने सुहाग के लिए ना? मंगलसूत्र सुहाग की निशानी है। अब बताइए हमारे देश की माताओं-बहनों का सुहाग कौन छिन रहा है?

# मनीष कश्यप बोले-बीजेपी के कारण जेल से बाहर आया-सनातन को बदनाम करने वालों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी; भाजपा में हुए शामिल

**पटना,एजेन्सी।** पश्चिम चंपारण लोकसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ने का ऐलान कर चुके यूट्यूबर मनीष कश्यप बीजेपी में शामिल हो गए हैं। दिल्ली में मनोज तिवारी ने उन्हें पार्टी की सदस्यता दिलाई। मौके पर मनीष कश्यप ने कहा कि मेरी मां मोदी जी की बड़ी फैन हैं। उनके कहने पर मैंने ये फैसला लिया है। वैसे भी मेरी विचारधारा भारतीय जनता पार्टी से मिलती है। हम कल मनोज तिवारी के साथ बिहार से आए। उनके कारण ही मैं जेल से रिहा हो सका और मेरे जीवन के बुरे दिन खत्म हो गए। इसलिए मैं भाजपा में शामिल हो गया। हमें बिहार को मजबूत करना है। लालू परिवार ने बिहार को लूट कर बर्बाद कर दिया। भाजपा के साथ मिलकर बिहार को मजबूत करूंगा। फर्जी वीडियो से जुड़े मामले पर बोलते हुए कहा कि मेरे खिलाफ आरोप लगाए गए, लेकिन पटना कोर्ट ने न केवल मुझे जमानत दे दी, बल्कि मुझ पर लगाया गया एनएसए भी वापस ले लिया। सनातन को बदनाम करने वालों और राष्ट्वाद के विरोधियों के खिलाफ लड़ाई जारी रहेगी। मनीष कश्यप ने कहा कि भाजपा में शामिल होने के बाद बीजेपी नेता संजय मयूख के मनीष कश्यप ने तस्वीर भी जारी की।



# सुप्रीम कोर्ट बोला- स्त्रीधन पर पति का कंट्रोल नहीं

### यह महिला की पूर्ण संपत्ति, उसे अपनी मर्जी से खर्च करने का हक

**नई दिल्ली,एजेन्सी।** सुप्रीम कोर्ट ने स्त्रीधन (विवाह के समय मिले गहने और अन्य सामान) पर उनके अधिकार को लेकर गुरुवार को बड़ा फैसला सुनाया। कोर्ट ने साफ कहा कि महिला का स्त्रीधन उसकी पूर्ण संपत्ति है। उसे अपनी मर्जी से खर्च करने का पूरा अधिकार है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा- पत्नी के स्त्रीधन पर पति का कंट्रोल नहीं हो सकता। पति मुसीबत के समय स्त्रीधन का इस्तेमाल तो कर सकता है, लेकिन बाद में उसे लौटाना उसका नैतिक दायित्व है। कोर्ट ने यह फैसला एक व्यक्ति को उसकी पत्नी के खोए हुए गोल्ड के बदले में 25 लाख रुपए देने का निर्देश देते हुए सुनाया।

### पहले समझिए पूरा मामला क्या है?

केरल की महिला ने दावा किया कि शादी के समय उसके परिवार ने उसे सोने के सिक्के उपहार में दिए थे। विवाह के बाद पिता ने उसके पति को 2 लाख रुपए का चेक भी दिया था। महिला के मुताबिक, शादी की पहली रात पति ने उसके सारे गहने अपने कब्जे में ले लिए। कहा कि वे इसे सुरक्षित रखेंगे, लेकिन बाद में उसने अपनी मां को सौंप दिया। पत्नी ने आरोप लगाया कि पति और उसकी मां ने अपनी पहले से मौजूद वित्तीय देनदारियों (उधारी) को पूरा करने के लिए सभी आभूषणों का दुरुपयोग किया।

**फैमिली कोर्ट ने पति और उसकी मां के खिलाफ फैसला सुनाया :** विवाद के बाद 2011 में मामला फैमिली कोर्ट पहुंचा। कोर्ट ने माना कि पति और उसकी मां ने वास्तव में अपीलकर्ता के सोने के आभूषणों का दुरुपयोग किया था। इसलिए पत्नी नुकसान की भरपाई की हकदार है।

**केरल हाईकोर्ट ने फैसला पलट दिया :** केरल हाईकोर्ट ने फैमिली कोर्ट की राहत को आंशिक रूप से खारिज कर दिया। कहा कि महिला, पति और उसकी मां द्वारा सोने के आभूषणों की हेराफेरी को साबित करने में सक्षम नहीं है। इसलिए वह उसके नुकसान की भरपाई के लिए हकदार नहीं है। इसके बाद महिला ने हाईकोर्ट के आदेश को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी।

# अरुणाचल प्रदेश में लैंड स्लाइड-नेशनल हाईवे-313 का बड़ा हिस्सा ढहा, चीन सीमा से सटी दिबांग वैली का संपर्क देश से टूटा



**ईटानगर,एजेन्सी।** अरुणाचल प्रदेश के दिबांग वैली में लैंड स्लाइड के चलते नेशनल हाईवे-313 का बड़ा हिस्सा ढह गया है। चीन सीमा से लगे दिबांग वैली जिले का संपर्क पूरे देश से कट गया। दिबांग वैली जिला प्रशासन के मुताबिक बुधवार को हाईवे पर लैंडस्लाइड हुई।





# फर्नीचर की दुकान में लगी भीषण आग, लाखों रुपए मूल्य के फर्नीचर व लकड़ी जले

## सीओ एकमा की सुझबुझ से लगभग चार घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पाया गया काबू

**एकमा (सारण)।** एकमा थाना क्षेत्र में छपरा-सिवान नेशनल हाईवे 531 पर आमडाढ़ी रेलवे गुमटी के समीप स्थित एक लकड़ी के फर्नीचर दुकान में गुरुवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग की लपटें इतनी तेज हो गई कि आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों को अग्निशमन टीम को बुलाकर उसकी मदद से काफी मशक्कत से आग पर काबू पाया गया। लोगों के द्वारा आशंका जताई जा रही है कि बिजली के शार्ट सर्किट के कारण आग लगी। आग लगने के बाद दुकान के स्वामी राजकिशोर सिंह, मुखिया प्रतिनिधि भरत सिंह सहित अन्य लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन कर सूचना दी। जिसके बाद एकमा के अंचलाधिकारी राहुल शंकर भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर बुलाया। लगातार लगभग 4 घंटे से अधिक समय तक एकमा सीओ राहुल शंकर द्वारा फायर ब्रिगेड और आसपास के ग्रामीणों की मदद से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया। तेज हवा के बीच आग की लपटें इतनी तेजी से फैल रही थी कि ग्रामीणों के साथ सीओ ने सूझबूझ का परिचय देते हुए आसपास के भूमि की मिट्टी को हल मंगा कर ट्रैक्टर से जुताई करायी गयी। जिससे कि भीषण आग को और अधिक विकराल रूप धारण करके अन्य इलाकों को अपने चपेट में लाने से बचा लिया गया। आग से लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति का नुकसान हुआ है। वहीं दुकानदार राजकिशोर सिंह व अन्य ग्रामीणों ने बताया है कि अग्निकांड में क्षति का अनुमान लगाया जा रहा है। वही को राहुल शंकर द्वारा भी राजेश कमी के माध्यम से आज से हुई क्षति का आकलन कराया जा रहा है। मामले में अंचल के राजस्व कर्मी जांच पड़ताल में जुट गए हैं।

# शार्ट-सर्किट से लगी भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख

**दैनिक खोज खबर/ डोरीगंज(सारण)** डोरीगंज थाना क्षेत्र स्थित डोरीगंज बाजार के गुप्ता जेनरल स्टोर में बीती रात शार्ट-सर्किट से लगी आग मे दुकान मे रखे लाखों का सामान जलकर राख हो गयी। घटना के संबंध मे गुप्ता जेनरल स्टोर के संजीत कुमार गुप्ता पिता कमता प्रसाद गुप्ता ने बताया कि शाम के समय जब दुकान बढ़ाकर घर चले गए तभी रात्रि 09ः30 बजे बाजार के लोगों ने फोन पर सूचना दिया कि सर्ट सर्किट से




आपके दुकान में आग लग गया है। सूचना पाते ही संजीत कुमार गुप्ता जब दुकान पर पहुंचे दुकान से निकल रही आग की लपटे देख उनके होस उर गए। उनके द्वारा इसकी सुचनाफायर ब्रिगेड दी को सूचना दिया। सूचना पाते ही दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंच आग बुझाने में लगा गई लेकिन अग्नि के विकराल रूप को देखते हुए छपरा तथा अन्य थानो से दमकल की गाड़ियां घटनास्थल पर मंगवाईगई। जिसके बाद भी आग पर काबू पाया गया।

# राजीव प्रताप रुडी का परसा और मकेर प्रखंड में चला जनसंपर्क, हुआ भव्य स्वागत



**दैनिक खोज खबर/छपरा** । सारण लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी सह सांसद राजीव प्रताप रुडी ने अपना चुनावी अभियान तेज कर दिया है। इसी क्रम में गुरूवार को रुडी ने लोकसभा क्षेत्र के परसा एवं मकेर प्रखंड अंतर्गत सैदपुर, विशुनपुर, मिर्जापुर, मुजौना, मुजौना बाजार, कोहड़ा मठिया, हसनपुर ढ़ाला, हसनपुरा, एकडेरवा मसुरिया, भाथा, भाथा पटेल चौक, बौली पर, रूकुणबांधा, ठहरा, ठाकुरबाड़ी, हरणबांधा आदि गाँवों का दौरा किया। इस दौरान जनता ने ढ़ोल-नगाड़ा की ध्वनी में फूल मालाओं से भाजपा प्रत्याशी रुडी का स्वागत किया तो वहीं बड़ी संख्या में महिलाओं ने रुडी का टीका लगाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर रुडी ने मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रहीं, जन हितैषी योजनाओं के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के कार्यकाल में देश का चहुंमुखी विकास हुआ है। समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचायी गई है। उन्होंने कहा कि केंद्र की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ सारण में भी हर वर्ग के लोगों को मिल रहा है। अब तो महानगरों की तर्ज पर सारण के गाँवों तक में पाइपलाइन के माध्यम से रसोई गैस उपलब्ध कराई जा रही है। जलमार्ग, सड़क मार्ग और रेल मार्ग जैसे परिवहन के क्षेत्र में भी सारण विकास में अग्रगण्य है।मीडिया से बात करते हुए भाजपा प्रत्याशी रुडी ने कहा कि विकसित भारत के संकल्प को साकार करने के लिए देश की जनता आगामी लोकसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में रिकॉर्ड मतदान कर 400 पार के लक्ष्य को भेदने जा रही है वहीं सारण की जनता सारण के विकास की गति को जारी रखने के लिए प्रचंड वोट से कमल खिलाकर एक नया इतिहास रचने जा रही है। उन्होंने कहा कि यह लड़ाई परिवारवाद के खिलाफ सारण की जनता लड़ रही है। एक परिवार के आतंक और जनता की दहशतगर्दी के उस दौर को लोगों ने बखूबी याद रखा है और वो उसे दुबारा नहीं आने देने देंगे।



# यदुरामपुर में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली भव्य कलशयात्रा

**परसा(सारण)।** यदुरामपुर गाव में हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर ग्रामीणों के सहयोग से 24 घन्टे का अखण्ड अष्टायाम का आयोजन किया गया।आचार्य उदय दुबे,मंजय सिंह,सोनू सिंह पटेल के नेतृत्व में भब्य कलश यात्रा निकाली गई।कलशयात्रा के दौरान निकाली गई शोभायात्रा में दर्जनों डीजे,बैंड के साथ बजरंगबली की मूर्ति का परिभ्रमण कराया गया। कलशयात्रा पवित्र यज्ञ स्थल से यदुरामपुर,धर्मचक होते हुए हरना शिवमन्दिर परिसर पहुची।जहाँ आचार्य ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलश में जलभरी कराई ।पुनः संगम चौक ,पच्छियारी यदुरामपुर होते पवित्र यज्ञ स्थल पहुची।जहाँ अखण्ड अष्टायम शुरू होते ही पूरा माहौल भक्तिमय सा हो गया।कलश यात्रा में ओसिहर सिंह,पप्पू सिंह,अजय सिंह,लाल साहेब सिंह,बीडीसी मुकेश सिंह,संजय सिंह,लालबाबू सिंह,सत्यनारायण साह,मनीषा देवी,खुशी कुमारी, लक्ष्मी देवी,काजल देवी,रेखा देवी,नीतू देवी,किरण देवी,सोनम कुमारी सहित सैकड़ो पुरुष महिला युवतियां भक्त गण लाल पीले वस्त्र में शामिल थे।

## मारपीट की घटनाओं में 10 लोग घायल

**एकमा (सारण)।** आपसी विवाद को लेकर एकमा पुलिस अंचल क्षेत्र के विभिन्न गांवों में हुई मारपीट की घटनाओं में चार महिलाओं समेत 10 लोग घायल हो गए।

घायलों में मठनपुरा गांव की कुसुम देवी, हरिहरपुर गांव की कुंती देवी, रंजीत राय, वृत्ति वनपुरा गांव की सुनीता देवी, रवि कुमार तिवारी, बलेसरा गांव की गुड़िया कुमारी, शीतलपुर गांव के पिंटू कुमार मिश्र, अखिलेश मिश्र, नागमणि प्रसाद व नचाप गांव के विपिन कुमार सिंह आदि शामिल हैं। सभी घायलों का प्राथमिक उपचार एकमा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में किया गया। इस संबंध में थाने में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

## महेंद्रनाथ रेलवे हाल्ट के समीप ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**एकमा (सारण)।** पूर्वोत्तर रेलवे के छपरा- सिवान रेलखंड स्थित महेंद्रनाथ हाल्ट रेलवे स्टेशन के समीप ट्रेन के चपेट में आने से एक युवक की मौत हो गई.। मृतक की पहचान सिवान जिला के बड़हरिया थाना क्षेत्र के भलुआ गांव निवासी गोपाल प्रसाद सिंह के पुत्र उत्तम सिंह (40) के रूप में की गई है। घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि मृतक उत्तम सिंह रसूलपुर थाना क्षेत्र बेनौत गांव पत्नी के साथ साला के शादी में ससुराल आया था। पत्नी से किसी बात को लेकर अनबन हुई। जिसके कारण वह सिवान से छपरा जा रही पैसेंजर ट्रेन के आगे कूद गया। राजकीय रेलवे पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर सदर अस्पताल पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अर्द्धसैनिक बलों के आवासन स्थल हेतु स्कूलों का किया गया निरीक्षण

**परसा(सारण)।** लोकसभा चुनाव को लेकर बूथों पर अर्धसैनिक बलों और पुलिस बलों की व्यवस्था और उनके ठहराव को लेकर गुरुवार को अधिकारियों की टीम ने कई विद्यालय का निरीक्षण किया।बीडीओ दीपक कुमार सिंह,थानाध्यक्ष सुनील कुमार ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद बीडीओ ने बताया कि लोकसभा चुनाव के बूथों पर अर्धसैनिक बल और पुलिस बलों की तैनाती की जाएगी जिनको लेकर प्रखंड के 13 केंद्रों पर ठहराया जाएगा। इसको लेकर इन केंद्रों का निरीक्षण किया गया।इसमें प्रखंड क्षेत्र के पचरुखी,शोभेपुर,हाई स्कूल परसा,पंचायत सरकार भवन माड़र,अंजनी,होली एंगल स्कूल परसा,हिमालयन स्कूल परसा,उत्क्रमित मध्य विद्यालय बाजीतपुर,बहलोलपुर सहित 13 स्कूल में अर्धसैनिक बलों का ठहराव होगा।उन्होंने बताया कि इन विद्यालयों में जवानों के रहते समय आवश्यक सुविधाओं को देखा गया और आवश्यक निर्देश भी दिए गए।उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव की सफलता को लेकर हर पहलुओं पर नजर रखी जा रही है।

-/-

# चांदपुरा के खपरैलनुमा घर में आग लगने से जलकर हुआ राख



**परसा(सारण)।** प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय चांदपुरा हिंदी के समीप अचानक एक खपरैलनुमा दलान में आग लगने से हजारों रुपए की संपति जलकर नष्ट हो गया।सूचना पर दरियापुर व भेलदी थाने से अग्निशमन दल की टीम पहुंची और ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया।पीड़ित चांदपुरा निवासी गणेश ठाकुर ने बताया कि आगलगी की घटना में खपरैलनुमा दालान में रखे आठ पैकेट गेहूं,कपड़ा,पैंपिंगसेट मशीन आदि जलकर नष्ट हो गए ।स्थानीय लोगो का मानना था कि आग को समय रहते नही काबू पाया जाता तो बड़ी विकराल रूप ले लेती लेकिन अग्निशमन दल की दो दो टीम ससमय पहुंचकर बड़ी घटना से बचा लिया।वही घटना की सूचना पर सीआई अंचल कर्मचारी ने घटना की जांच पड़ताल कर आपदा के तहत मुवाबजा हेतु रिपोर्ट प्रस्तुत किया।

# जीविका दीदियां निभा रहीं मतदाता जागरूकता में अहम भूमिका



**सोनपुर।** सारण जिले में पांचवे चरण में 20 मई को होने वाले लोकसभा आम चुनाव को लेकर सोनपुर प्रखंड के भरपुरा,जहाँगीर पुर ,सबलपुर,नजरमिरा,शाहपुर,पहले जा शाहपुर दियरा सहित अन्य गांवों से जुड़ी जीविका दीदियो ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रकार की मतदाता जागरूकता अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित कर रही हैं ताकि चुनाव में मत प्रतिशत बढ़े और अधिक से अधिक लोगों अपना मतदान कर सके । इस जागरुकता अभियान के तहत बीपीएम स्वेता कुमारी के निर्देश पर सोनपुर प्रखंड के भरपुरा के बूथ नं - 230,231 स्थित शैलपुत्री जीविका महिला संकुल संघ भरपुरा में मतदाता जागरूकता अभियान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित गुरुवार को किया गया । जिसमे समूह के दीदीयो ने गीत संगीत, रंगोली, मेंहदी , हस्ताक्षर, डेमो के द्वारा EVM मशीन में मतदान कैसे करते हैं इसके लिए डेमू दिखाया व सिखाया गया फिर कार्यालय से मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई जो महारानी चौक भरपुरा तक मतदाता को उनके मत का अधिकार को समझाते हुए उन्हें प्रेरित किया गया । इस मौके पर उपस्थित महिलाओं को छपरा से आये शैलेश कुमार ने कहा कि अपना मत अपना अधिकार को समझ कर भय मुक्त होकर किसी के बहकावे में नहीं आकर प्रतिनिधि को चुने । सभी मतदाता बूथ पर पहुंचकर निर्भिक होकर मतदान जरूर करें । जिससे क्षेत्र में और जिले का विकास हो। यह तभी संभव है जब प्रतिनिधि को चुनने के लिए अपना मत का प्रयोग करेंगे । क्षेत्रीय समन्यवयक अंकु प्रिया ने उपस्थित जीविका दीदियों को बताया कि इस लोकतंत्र महापर्व में जरूर वोट दे और घर घर जाकर मतदाताओं को बताना है कि मतदान के दिन मतदाता पहचान पत्र नहीं रहने की स्थिति में अन्य दस्तावेज जैसे आधार कार्ड,वोटर कार्ड, राशन कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंक पासबुक, पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पेंशन से संबंधित कागजात के साथ जाकर मतदान कर सकते हैं। आपका मत आपका अधिकार है । मतदान करे और दूसरों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करे । सामुदायिक समन्वयक संतोष कुमार ने बताया कि सभी सीएम अपने-अपने फील्ड के मतदाताओं को मतदान करवाना पूरी तरह से सुनिश्चित करेगे और 18 वर्ष के हुए सभी युवक युवतियों का जो नाम मतदाता सूची में नाम जो जोड़ाया गया उनके घर-घर जाकर यह सुनिश्चित करवाना है कि वह अपने मताधिकार का प्रयोग जरूर करेगे । भयमुक्त वतावरण में शंति पूर्वक मतदान करे और घर के सदस्यों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करे ।इस कार्यक्रम में जीविका के स्टाफ में जिला से शैलेश कुमार ,शैलपुत्री की एरिया कोऑर्डिनेटर अंकु प्रिया, शगुन सीएलल्फ के एरिया कोऑर्डिनेटर संदीप कुमार, सिद्धि सीएलल्फ के एरिया कोऑर्डिनेटर निशांत कुमार,सामुदायिक समन्वयक संतोषकुमार ,रमाकांत कुमार ,कृष्ण चौधरी, रवि शेखर ,चंद्र विजय कुमार, राकेश कुमार, जितेंद्र कुमार ,हिमांशु शेखर,अध्यक्ष सीमा देवी, सचिव सविता देवी कोषाध्यक्ष शोभा देवी शोभा देवी के द्वारा शैलपुत्री जीविका महिला संकुल संघ में मतदाता जागरूकता अभियान में भीआरपी हुस्ना खातून,सीएन आरपी सोनी सिंह ,बुककिपर संगीता व पुष्पम,पुष्पा ,सीएम में बिभा देवी,शारदा,मेनका,प्रतिमा,दुर्गावती ,रिंकू,सोनम,पिंकी,प्रीति ,सीता,पूनम,निर्मला,सरिता,अंजली ,रीना,कबिता, रेखा,गिन्नी, सरिता ,सीता सहित अन्य मेंबर की उपस्थिति रहे ।

## दो एकड़ के बासवाड़ी और आम के बगीचे में लगी आग

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक थाना क्षेत्र के बंसोही पोखरा के पास दो एकड़ के बासवाड़ी और आम के बगीचे में शरारती तत्वों ने आग लगा दी। आग के विकराल रूप को देखकर फायर ब्रिगेड टीम को सूचना दी गई,पहुंची फायर ब्रिगेड टीम ने कड़ी मशक्कत से आग पर काबू पाया। ग्रामीणों ने बताया कि आग से दो एकड़ में लगी बासवाड़ी और आम का बगीचा में लगा पेड़ झुलस गया हैं।

## देसी शराब जप्त करते हुए एक महिला को पहलेजा पुलिस ने गिरफ्तार कर भेजा जेल

### पहलेजा पुलिस ने दियारा क्षेत्र में छापामारी कर शराब भट्टी को विनिष्ट करते हुए देसी शराब को किया बरामद

**सोनपुर।** बिहार में बढ़ती मंहगाई बेरोजगारी और गरीब परिवार के लोगो को पापी पेट के कारण अब महिलाएं भी शराब धंधे में संलिप्त हो रही है । ऐसा ही मामला पहलेजा थाना क्षेत्र के अंतर्गत चकदरिया से पहलेजा पुलिस ने एक महिला को 10 लीटर देसी शराब के साथ गिरफ्तार कर लिया और उसे जेल भेज दिया है । इस बात की जानकारी देते हुए थाना अध्यक्ष श्वेता कुमारी ने गुरुवार को बताई की चकदरिया में 10 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए मौके पर दीपक कुमार के पत्नी खुशबू देवी को गिरफ्तार कर उसे जेल भेज दिया गया है तो वही दूसरी ओर गुप्त सूचना के आधार पर दियारा क्षेत्र में छापामारी करते हुए एक देसी शराब भट्टी को ध्वस्त किया गया । मौके पर 40 लीटर देसी शराब बरामद करते हुए 1000 अर्ध निर्मित देसी शराब एवं शराब बनाने वाले उपकरण को विशिष्ट किया गया है। इस छपमारी मेथानाध्यक्ष स्वेता कुमारी , अपर थानाध्यक्ष संतोष करना, पूर्णिमा कुमारी सहित अन्य पुलिस बल मौजूद रहे ।

## पूर्व जिला परिषद के निधन पर क्षेत्र में शोक की लहर

**नगरा(सारण)।** प्रखण्ड के मानपुर निवासी समाजसेवी इसरार अहमद खान की पुत्रवधू व नगरा के पूर्व जिला परिषद 37 वर्षीय जरीन आफरीन का निधन बुधवार की शाम हर्दयगति रुकने से निधन हो गया। उनका काफी दिनों तबियत खराब था और छपरा में एक निजी क्लिनिक में ईलाज के दौरान मृत्यु हो गया तथा वर्तमान राजद के युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष मकसुर अहमद खान की पत्नी हैं तथा उनकी तीन पुत्री हैं। वर्ष 2016 से 2021 नगरा प्रखण्ड की जिला परिषद थी। उनके निधन से प्रखण्ड क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और लोगों ने उनके घर पर पहुँच कर सांत्वना दिया तथा काफी संख्या में लोग पहुँचे। उधर पूर्व मंत्री सह मढ़ौरा विधायक जितेंद्र राय, प्रमुख प्रतिनिधि योगेंद्र प्रसाद चैरसिया, जिला परिषद प्रतिनिधि अभय सिंह, बीडीसी जमाल हैदर, सतीश पाण्डेय, केके सिंह, फैजान अख्तर अंसारी, गुड्डू खां, शशिकांत कुमार, मिथलेश सिंह, गुड्डू सिंह, मनीष कुमार समेत जनप्रतिनिधियों व ग्रामीणों शोक व्यक्त किया।

## जमीनी विवाद में मारपीट में दो घायल, सदर रेफर

**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में जमीनी विवाद में मारपीट में घायल दो शख्स इलाज के लिए भर्ती कराए गए जहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल छपरा रेफर कर दिया। घायल इसुआपुर थाना क्षेत्र के परसा गांव निवासी दीनानाथ सिंह और संजय सिंह हैं। घटना का विवाद जमीनी बताया गया।

## सबलपुर में विधुत पोल तोड़ने के कारण ट्रैक्टर पर विभाग ने किया सोनपुर थाना में एफआईआर

**सोनपुर।** सोनपुर थाना क्षेत्र के सबलपुर कचहरी बाजार के ईट भट्ठा के नजदीक ट्रैक्टर चालक ने विद्युत के पोल में ठोकर मार कर पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया। जिसके कारण सबलपुर फिटर में विद्युत आपूर्ति घण्टो बाधित रही । पोल के क्षतिग्रस्त होने के कारण विभाग को रुपये 42450 /-की राजस्व क्षति हुई है। इस बात की जानकारी देते हुए जेई सूरज कुमार ने गुरुवार को बताया कि ट्रैक्टर बी आर 31जीबी 5614 के ट्रैक्टर चालक ने पोल को क्षतिग्रस्त कर दिया है । जिसके कारण राजस्व क्षति होने पर इसके विरुद्ध ट्रैक्टर नंबर बीआर 31 जीबी 5614 के ऊपर सोनपुर थाने में नामजद प्राथमिक की दर्ज कराई गई है।

# मशरक में अग्निकांड पीड़ित के बीच रेडक्रॉस से उपलब्ध राहत सामग्री का वितरण प्रखंड प्रशासन ने किया



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** मशरक प्रखंड के अलग अलग गांव में पिछले सप्ताह हुए भीषण अग्निकांड से तबाह हुए 31 परिवार के बीच राहत सामग्री का वितरण रेडक्रॉस सोसायटी छपरा की सचिव जीनत मसीह के सहयोग से किया गया। अग्निकांड पीड़ित परिवार में 8 परिवार अरना छपिया के महादलित बस्ती जबकि अन्य मदारपुर के पीड़ित परिवार शामिल थे । गुरुवार को रेडक्रॉस सोसाइटी से प्राप्त राहत सामग्री में पॉलिथिन तिरपाल एवम सम्पूर्ण किचेन सेट का वितरण मशरक बीडीओ पंकज कुमार एवम सीओ सुमंत कुमार ने किया। मौके पर रेडक्रॉस के सदस्य प्रतिनिधि संजय कुमार सिंह , शिक्षक नेता संतोष कुमार सिंह , पंकज कुमार सिंह अंकल कर्मी अविनाश कुमार, योगेंद्र राय, विजय मांझी, अभय पांडेय सहित अन्य थे। कड़ी धूप और हिट वेव के बीच खुले आसमान के नीचे जीवन बसर कर रहे कई परिवार राहत सामग्री मिलने से काफी खुश हो रेडक्रॉस एवम प्रशासन के प्रति आभार जताया। राहत सामग्री प्राप्त करने वाले परिवार में सविता देवी , मुन्ना राउत, तेतर देवी, सोहैल देवी , रीता देवी , सोनू राउत, रिंकू देवी , रामावती देवी, गंगी देवी , विद्यावती देवी, शत्रुघ्न महतो, भरत महतो, लक्ष्मण महतो, गौरव महतो, प्रेमचंद महतो, भभीखन महतो, बहरन महतो , बीरेंद्र महतो, धर्मेंद्र महतो , योगेंद्र महतो, लालबाबू शर्मा , सुनील महतो, विश्वकर्मा शर्मा, शिवतहल शर्मा , लालदास महतो, योगेंद्र शर्मा, अजय महतो, मेहीलाल , हकीम, उमरावती देवी , इस्लाम मंसूरी सहित अन्य थे। इधर मशरक अंचल कार्यालय द्वारा खाद्य सामग्री का वितरण इन परिवार के बीच किया गया। जानकारी हो कि आगलगी में कई सभी का घर एवम उसमें रखे कीमती सामान पूरी तरह जलकर खाक हो गए थे। कई लोग झुलस गए , मवेशी सहित लाखो की संपति का नुकसान हुआ था। अग्निपिडित परिवार का सर्वे स्थानीय प्रशासन के सहयोग से कराकर रेडक्रॉस सोसाइटी ने आपदा में सहयोग प्रदान किया।

# रेलवे सड़क किनारे सेमल के सूखे पेड़ की डाली टूट गिरने से सहमे लोग

### तेज़ पछुआ हवा में गिरी मोटी डाली, लापरवाह रेलवे प्रशासन को हादसा का इंतजार !



**दैनिक खोज खबर/ मढ़ौरा(सारण )।** छपरा-मशरख-थावे रेलखंड के मढ़ौरा रेलवें स्टेशन परिसर के दक्षिणी ढ़ाला रोड में सेमल का सूखा पेड़ आम लोगों के लिए खतरा बन गया है। तेज पछूआ हवा से सूखे पेड़ की डाली टूट कर गिरने से लोग सहमें है जबकि शिकायत के बाद भी रेलवे प्रशासन पुरी तरह से लापरवाह बना हुआ है। वर्षों से सूखे पेड़ को चालू रास्ते से हटाने के लिए लोग आईओडब्ल्यू छपरा को आवेदन दिए है। आवेदन में यह कहा गया था कि मढ़ौरा स्टेशन भवन के सामने स्टेशन से दक्षिणी ढ़ाला संपर्क पथ पर सड़क के किनारे वर्षों से सेमर का पेड़ खरा है। आंधी पानी और तेज हवा से यह पेड़ अचानक कभी भी गिर सकता है। इससे जान-माल को गंभीर नुकसान की संभावना है।? गुरुवार की दोपहर तेज पछूआ हवा से पेड़ की एक सूखी मोटी डाली अचानक से सड़क पर गिर गई । संयोग था की खतरा नही हुआ, जब डाली गिरी तब कोचिंग पढ़ने जा रही छात्राएं कुछ फलांग की दूरी पर थी। कुछ सेकेंड का अंतर अगर नही रहता तो बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीणों ने सुरक्षा हित में सूखे सेमल के पेड़ को हटवाने की मांग रेलवे से की है।

## अंग्रेजी शराब एवं नशीले पदार्थ के साथ चार गिरफ्तार

**पानापुर(सारण)** बुधवार की रात स्थानीय थाने की पुलिस ने फकुली गांव में छापेमारी कर अंग्रेजी शराब एवं नशीले पदार्थ के साथ पिता पुत्र सहित तीन धंधेबाजों को गिरफ्तार कर लिया . बताया जाता है कि पुलिस को सूचना मिली कि फकुली गांव में सिंह सर्विस सेंटर नाम से चल रहे गैराज में शराब एवं मादक पदार्थों की बिक्री की जा रही है .सूचना के बाद एएसआई उपेंद्र प्रसाद यादव के नेतृत्व में स्थानीय थाने की पुलिस ने रात साढ़े आठ बजे छापेमारी की .छापेमारी के दौरान पुलिस ने 750 एमएल के 4 बोतल अंग्रेजी शराब एवं 428 ग्राम कोकीन जैसा मादक पदार्थ जब्त किया .वही पुलिस ने मौके से गैराज संचालक जीतेंद्र सिंह एवं उसके पुत्र अनुज कुमार सिंह तथा आकाश सिंह को गिरफ्तार कर लिया .वही पुलिस ने बिजौली गांव में छापेमारी कर 15 पीस फ्रूटी पैक अंग्रेजी शराब के साथ धंधेबाज रणविजय साह को भी गिरफ्तार कर लिया .थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने बताया कि गिरफ्तार चारो धंधेबाजों को न्यायालय भेज दिया गया .

## बनियापुर मे अलग अलग वाहन दुर्घटना मे तीन व्यक्ति की गयी जान

**बनियापुर(सारण)।** बनियापुर मे तीन अलग अलग वाहन दुर्घटना मे तीन लोगो की जान चली गयी है,घटना बुधवार शाम की है,जहा एक ही समय के आस पास तीनो को घटना के बाद पुलिस द्वारा गंभीर स्थिति मे अस्पताल लाया गया,जहा प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्स्कों ने सदर अस्पताल रेफरल कर दिया,दो की मौत छपरा हो गयी वही एक ने पीएमसीएच जाने के क्रम मे दम तोड़ दिया।तीनों का पोस्टमाटम के बाद परिजनों की सौप दिया।वही एक अज्ञात शव को पहचान मे पुलिस जुटी है।

घटना के संबंध मे बताया गया है कि बुधवार के बनियापुर के कन्हौली संग्राम और जनता बजार सड़क के मुस्लिमपुर आमाव के बीच अलग अलग बोलेरो चालक ने तीन लोगो को रौद डाला जिसके बाद घटना की सूचना पर पुलिस ने तीनो को रेफरल अस्पताल पहुंचाया,जहा से चिकित्स्को ने रेफर कर दिया,जहा इलाज के दौरान तीनो की मौत हो गयी।एक मृतक पैग़म्बरपुर का स्व हासिम मिया का 55 वर्षीय पुत्र शेख सलाहुद्दीन जो आइसक्रीम बेचकर घर जा रहा था,जिसे तेज गति मे आ रही बोलेरो ने मुस्लिमपुर के समीप धक्का मार दिया ,घटना से उक्त मृतक का पुरा परिवार उजड़ गया है वही एक मात्र कामाने वाला था ,वही दूसरा उसी जगह कर आसपस एक अज्ञात 35 वर्षीय युवक को बोलेरो ने धक्का मार दिया जिससे गंभीर स्थिति मे अस्पताल भेजा गया वही तीसरा जनता बजार के बाबई एयम का 22 वर्षीय पुत्र गुड्डू कुमार को एक अज्ञात बोलेरो ने धक्का मारकर भाग गयी जहा युवक को गंभीर स्थिति मे छपरा रेफर किया गया,उसकी मौत हो गयी।तीनो घटना देर शाम मे लगभग एक साथ घटित हुई जिससे बनियापुर दहशत का माहौल पैदा हो गयी थी।जहा अलफ़ आलम राजू डा इल्ताफ हुसैन मो सद्दाब आलम मुन्नू बाबू एहबाबुद्दीन सरव फ़ौजी ने परिजनो ढाढस बढ़ाया संतावना दिया।

# मलेरिया से जागरूकता ही बचाव हैं- डॉ अनंत नारायण कश्यप



**दैनिक खोज खबर/मशरक (सारण)।** विश्व मलेरिया दिवस पर गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मशरक में ओपीडी में इलाज कराने आए मरीजों को मलेरिया से जागरूक किया गया। ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक डॉ अनंत नारायण कश्यप ने कहा कि इस वर्ष विश्व मलेरिया दिवस का थीम है मलेरिया रोग के बोझ को कम करने और जीवन बचाने के लिए नवाचार का उपयोग करें, इसलिए हमें अपने आसपास गंदगी को दूर कर और कुछ घरेलू उपाय कर मलेरिया जैसे भयावह बीमारी से बचना चाहिए। मरीजों को बताया गया है कि मलेरिया प्लाजमोडियम नामक परजीवी से संक्रमित मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। मलेरिया एक प्रकार का बुखार है जो किसी भी उम्र के लोगों को हो सकता है। इस क्रम में मरीजों को मलेरिया के कारण, लक्षण, बचाव एवं उपचार की विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने मलेरिया से बचाव को लेकर बताया कि पूरे बदन को ढंकने वाले कपड़े पहनें। सोते समय मच्छरदानी का प्रयोग करें। घर के आसपास जलजमाव वाली जगहों को मिट्टी से भर दें। जलजमाव वाले स्थान पर केरोसिन तेल या डीजल या जले हुए मोबिल डालें। घर के आसापस बहने वाली नाले की साफ-सफाई करते रहें



## अर्द्धसैनिक बलों के आवासन हेतु स्थल का किया निरीक्षण

**दैनिक खोज खबर/पानापुर(सारण)।** बीडीओ राकेश रौशन एवं थानाध्यक्ष विश्वमोहन राम ने गुरुवार को आसन्न लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अर्द्धसैनिक बलों के ठहराव केंद्र के चयन हेतु विभिन्न विद्यालयों का निरीक्षण किया .बीडीओ एवं थानाध्यक्ष ने इन विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं यथा पेयजल ,शौचालय ,विद्युत एवं यातायात की सुगमता का जायजा लिया .बीडीओ ने बताया कि सर्वप्रथम प्रखंड के सभी पंचायतों में स्थित माध्यमिक विद्यालयों का निरीक्षण किया गया .उन्होंने बताया कि ऐसे विद्यालयों को आवासन केंद्र बनाया जाएगा जहां बड़े वाहनों के आवागमन की सुविधा हो एवं पूरे थाना क्षेत्र की सतत निगरानी हो सके .उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को स्वच्छ ,भयमुक्त एवं शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए स्थानीय प्रशासन प्रतिबद्ध है .

# सड़क दुर्घटना में दादा व पोती की मौत, तीन घायल

**सिवान** जिले के असांव थाना क्षेत्र के बेलटारी गांव स्थित दरौली-रघुनाथपुर मुख्य मार्ग पर गुरुवार को स्कार्पियो पलटने से एक ही परिवार के दो लोगों की मौत हो गई। जबकि चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। मृतक की पहचान रघुनाथपुर थाना क्षेत्र के पंजवार निवासी इनायत हुसैन (65) तथा उनकी पोती आलिया फिरदोस ( 18 माह) के रूप में हुई है। जबकि घायलों में इनायत हुसैन की पत्नी नूरजहां खातून तथा बहू अंबिया फिरोस्त तथा चालक पंजवार सहिमपुर अकटही निवासी अली अकबर उर्फ विजय मल्ल के पुत्र सलमान खान शामिल हैं।बताया जाता है कि पंजवार निवासी इनायत हुसैन अपने परिवार के सदस्यों के साथ भाड़े के स्कार्पियो में सवार होकर अपनी बहू अंबिया की विदाई करा बलिया के मनियर से लौट रहे थे। गाड़ी तेज गति में होने के कारण असांव थाना क्षेत्र के बेलटारी गांव के समीप गाड़ी का चक्का फट गया तथा गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकराते हुए गड्ढे में पलट गई। इस दौरान गाड़ी में सवार पंजवार निवासी इनायत हुसैन तथा उनकी पोती आलिया की घटनास्थल पर मौत हो गई। जबकि गाड़ी चालक समेत तीन लोग घायल हो गए। इस घटना में गाड़ी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जाता है कि गाड़ी में कुल छह लोग सवार थे, अन्य लोगों को हल्की चोटें आई हैं। घटना के बाद काफी संख्या में ग्रामीणों की भीड़ एकत्रित हो गई। इस दौरान ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी तथा घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। इधर सूचना मिलते ही असांव थानाध्यक्ष रवि कुमार दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया तथा गाड़ी को कब्जे में ले लिया।

## दुकान का ताला तोड़ लैपटाप व 40 हजार नकद समेत लाखों की संपत्ति की चोरी

**हुसैनगंज (सिवान)** =थाना मुख्यालय में बुधवार की रात चोरों ने एमडी मुस्लिम हार्डवेयर की दुकान का ताला तोड़कर उसमें रखे 40 हजार रुपये नकद, लैपटाप समेत एक लाख से अधिक की संपत्ति की चोरी कर ली। इस घटना के बाद दुकानदारों में दहशत का माहौल है। इस संदर्भ में पीड़ित दुकानदार हुसैनगंज दक्षिण मोहल्ला निवासी मोहम्मद मुस्लिम ने गुरुवार को थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने आवेदन में कहा है कि 24 अप्रैल की शाम अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। तभी रात में मुझे फोन पर जानकारी मिली कि मेरे दुकान के सामने सामान बिखरा पड़ा है। जब दुकान पर पहुंचा तो देखा कि दुकान का ताला टूटा हुआ है तथा दुकान से 20 हजार के पेंट, गल्ले में रखा 40 हजार रुपये, लैपटाप, प्रिंटर तथा कुछ अन्य सामान गायब है। सीसी कैमरे के फुटेज को देखा तो पाया कि हुसैनगंज हवेली निवासी मो. राजू उर्फ अली मोहम्मद, रिजवान और काजिम हथौड़े से मेरी दुकान का ताला तोड़कर सीसी कैमरे को क्षतिग्रस्त कर अन्य सामान सड़क पर फेंककर भाग गए हैं। इनके द्वारा पूर्व में भी मेरी दुकान में चोरी की घटना को अंजाम दिया जा चुका है। इस मामले में थाना में प्राथमिकी भी कराई गई है। थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि पीड़ित के आवेदन पर मामले की जांच की जा रही है। आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

# सोनपुर विधायक ने महागठबंधन के कार्यकर्ताओं के साथ की बैठक

### एनडीए से लोगो का मोह भंग हो चुका है-विधायक डॉ. रामानुज प्रसाद

**दैनिक खोज खबर/सोनपुर।** राष्ट्रीय जनता दल,सोनपुर प्रखंड के सभी राजद कार्यकर्ता,प्रखंड कमेटी के पदाधिकारी,पंचायत अध्यक्ष, डेलीगेट, संरक्षक, महिला प्रकोष्ट कमेटी, पंचायत प्रवेक्षक, प्रखंड प्रकोष्ट अध्यक्ष ,युवा राजद कमेटी,दलित तथा अल्पसंख्यक प्रकोष्ट अध्यक्ष एव सदस्य,नगर कमेटी के अध्यक्ष एवं सदस्य तथा बूथ लेवल एजेंट की बैठक नारायणी वेंक्रेट गार्डेन हॉल गजग्राह चौक के समीप, सोनपुर मे गुरुवार को हुई।जिसमे मुख्य अतिथि डॉ.रामानुज प्रसाद विधायक, सोनपुर थे। इस मौके पर डॉ. रामानुज प्रसाद ने कहा कि सभी कार्यकर्ता अपने-अपने पंचायत एवं वार्डों में मतदाताओं से मिलकर महागठबंधन उम्मीदवार रोहिणी आचार्य के पक्ष में मतदान करने का आग्रह करें।उन्होंने कहा कि इस बार सारण ही नहीं पूरे बिहार की जनता महागठबंधन के पक्ष में वोट करने का मन बना चुकी है। सारण ही नहीं पूरे देश में एनडीए से लोगो का मोह भंग हो चुका है। ऐसे में लोकसभा चुनाव का परिणाम अप्रत्याशित होगा।उन्होंने कहा कि उम्मीदवार तो सिर्फ एक प्रतीक होता है मुख्य रूप से कार्यकर्ता ही चुनाव लड़ते हैं,इसलिए कार्यकर्ताओं का टीम बनाकर बूथ स्तर तक लोगों को महागठबंधन के उम्मीदवार के बारे में तथा महागठबंधन के रोजगार-नौकरी व विकास के मुद्दे से अवगत कराना है। जिससे वह महागठबंधन के पक्ष में अपना मतदान कर सके।उक्त बैठक में सारण चुनाव प्रभारी डॉ. उर्मिला ठाकुर,सदस्य बिहार विधान परिषद, बैद्यनाथ महतो, प्रखंड अध्यक्ष, साधु यादव, मनोज कुमार यादव, रमेश राय, शंभू प्रसाद चौरसिया, विनोद ठाकुर,सुमित्रा चौरसिया,शंकर राय,लगनदेव राय,तपेश्वर चौरसिया,मो. शमीम ,मोहन साह,राजकुमार राय,नंदकिशोर चौधरी,सुनील राय,नगर अध्यक्ष,ललन महतो,नागेंद्र दास,मुकेश पटेल, संजू देवी अध्यक्ष महिला प्रकोष्ठ, प्रोज़ भूपेंद्र सिंह, हरिचरण महतो,आर.एन मालाकार, हरेंद्र राय,अवधेश महतो,डॉ.सचिन कुमार,सुरेश राम पूर्व मुखिया,शिवाजी राय,हरेंद्र कुमार साह ,प्रदीप ठाकुर, सुनील पासवान सरपंच, राजकुमार पासवान ,अनिल सिंह,अमित कुमार, कुशवाहा,अशोक शर्मा आदि कार्यकर्ताओं ने अपना सुझाव दिए।




# शार्ट सर्किट से दो झोपड़ी में लगी आग, हजारों की संपत्ति जली

**हसनपुरा (सिवान)** =प्रखंड के पकड़ी पंचायत के मेरही में बुधवार की शाम शार्ट सर्किट से हुई अगलगी में राघव साह एवं रमावती देवी के घर में आग लग गई। इस दौरान घर में रखे अनाज, कपड़ा, बर्तन समेत घरेलू अन्य सामान जलकर राख हो गए। बाद में सूचना पर पहुंची अग्निशमन विभाग की गाड़ी ने स्थानीय लोगों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाई। घटना की सूचना मिलते ही मुखिया प्रभुनाथ यादव घटनास्थल पहुंच कर घटना की जानकारी ली तथा अंचलाधिकारी से पीड़ित परिवार को मुआवजा दिलाने की मांग की।

# मलेरिया उन्मूलन को निकाली गई जागरुकता रैली

**हुसैनगंज (सिवान)** =प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार को विश्व मलेरिया दिवस पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डा. मनोज कुमार एवं स्वास्थ्य प्रबंधक एसरारुल हक के नेतृत्व में जागरुकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से लोगों को मलेरिया से बचाव की जानकारी दी गई। साथ ही लोगों से ठंड, सिरदर्द, उल्टी, चक्कर आने, तेज बुखार के साथ अत्यधिक पसीने आना आदि लक्षण बताए गए। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बताया कि इसके लिए सभी सरकारी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा है। इससे बचाव के लिए घर के आसपास डीडीटी का छिड़काव करने, गंदा पानी व नाली की सफाई रखने तथा रात में सोते समय मच्छरदानी, अगरबत्ती अथवा क्रीम का इस्तेमाल करने की सलाह दी गई। इस अवसर पर डा. कन्हैया चौधरी, कमलेश्वर पांडेय, बीसीएम सिंधु कुमारी, सत्येंद्र पांडेय, दीपक कुमार, अमित पाठक, कृपाशंकर प्रसाद एवं रंजीत कुमार समेत अन्य स्वास्थ्य कर्मी शामिल थे।

# भागवत कथा को निकली कलश यात्रा, वातावरण हुआ भक्तिमय

**गोरेयाकोठी (सिवान)** = प्रखंड के सिसई गांव में आयोजित तीन दिवसीय संगीतमय मद्भागवत गीता ज्ञान सत्संग को ले गुरुवार को वृंदावन से पधारे स्वामी प्रज्ञानंद महाराज के नेतृत्व में हाथी-घोड़े व बैंड बाजे के साथ कलश यात्रा निकाली गई। इसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कलश यात्रा हाईवे होते हुए गांव स्थित काली मंदिर के समीप से जलभरी कर पुन= पूजा स्थल पर पहुंची। इस दौरान वैदिक मंत्रोच्चारण एवं जयकार से पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कलश यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पानी की भी व्यवस्था की गई थी। वहीं बाद में भंडारे का भी आयोजन हुआ। इस कार्यक्रम में गांव के सभी जाति व धर्म के लोग बढ़-चढ़ कर भाग ले रहे हैं। इस मौके पर व्यासदेव सिंह, कैप्टन अंशु अभिषेक, चंद्रशेखर सिंह, ई. मयंक मयूर, अथर्व सिंह आदि मौजूद थे।

# शरारती तत्वों ने लगाई आग

**दारौंदा (सिवान)** =प्रखंड क्षेत्र के सिरसांव मठिया एवं हाथोपुर गांव के मध्य स्थित चंवर में गुरुवार को शरारती तत्वों ने झाड़ी में आग लगा दी। आग पछुआ हवा होने के कारण तेजी से सिरसांव मठिया चंवर तक फैल गई। इससे सड़क किनारे दर्जनों घर के बीच में खाली स्थान से आग चंवर की तरफ फैल गई। बाद में ग्रामीणों ने अग्निशम विभाग की मदद से आग पर काबू पाई।

# रंगोली बना मतदाताओं को किया गया जागरूक

**भगवानपुर हाट (सिवान)** = प्रखंड कार्यालय परिसर में बुधवार की शाम बीडीओ कुमार विशाल के नेतृत्व में स्वीप कार्यक्रम के तहत लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान कराने के लिए रंगोली व कैंडल मार्च के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया गया। इस मौके पर सभी कर्मी, सेविका, सहायिक, जीविका दीदी आदि शामिल थीं।

अलग-अलग अगलगी की घटना में कई गेहूं की फसल की हुई क्षति

सिवान = जिले के विभिन्न जगहों पर हुई अगलगी की घटना में कई घर जलने कई बीघे में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। जानकारी के अनुसार गुठनी प्रखंड के टड़वा खुर्द पंचायत के बकुलारी और खिलवा में हुई अगलगी में कई बीघा में लगी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। बाद में ग्रामीणों की मदद से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। बकुलारी हाई स्कूल के पीछे से फैलना शुरू हुई और दोपहर की तेज हवा के साथ फैलते हुए टड़वा, खिलवा व यूपी के खरवनिया गांव तक फैल गई।

वहीं दूसरी ओर महाराजगंज थाना क्षेत्र के इंदौली में आई बरात में शार्ट सर्किट से आग लगने से अफरातफरी मच गई। बाद में ग्रामीणों के प्रयास से किसी तरह आग पर काबू पाया जा सका। हालांकि इस घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।

# मुल्क की तरक्की व अमन चैन के पैगाम के साथ हुआ उर्स का आगाज

**महाराजगंज (सिवान)** = प्रखंड के छोटका टेघड़ा के खानकाह कादरिया चिश्तिया शरीफ में बुधवार की रात शैखुल मोशाएख हजरत मौलाना सय्यद शाह सूफी सुल्तान मजीद अकरम शाह रहमतुल्लाह का दो दिवसीय सालाना उर्स की शुरुआत हुई। इस मौके पर देश के कोने-कोने से पहुंचे अकीदतमंदों व सूफी साहब के मुरीदों ने सूफी साहब के मजार पर चादरपोशी कर मुल्क की तरक्की व अमनचैन की दुआ की। इसके पूर्व सूफी साहब के मजार पर संदल की पेशी हुई इसमें मुल्क की तरक्की, अमन की शांति व अवाम के लिए दुआएं मांगी गई। सज्जादानशीं शैखुल मोशाएख हजरत मौलाना सैयद शाह सूफी जाहिद हुसैन कादरी चिश्ती साहब ने बताया बताया कि सलामती अंजुमन हिजबुल्लाह सोशल वेलफेयर ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित उर्स राष्ट्रीय एकता का प्रतीक है। जाति, धर्म व संप्रदाय से ऊपर उठ लोग उर्स में शामिल हुए एवं चादरपोशी के बाद फतेहाखानी की गई। इसके बाद लंगर-ए-आम का आयोजन किया गया। साथ ही उर्स कुल महफिल का एहतमाम किया गया। इसके बाद महफिल-ए-शमा सजाई गई। इसमें नामी गिरामी कव्वाल गया के बच्चा नसीम कौसर व बेतिया के असलम चिश्ती के बीच मारफती कलाम का मुकाबला हुआ। इसका लुत्फ श्रोताओं ने पूरी रात उठाते रहे। वहीं सुबह सलाम व दुआ के साथ मजलिस का समापन हुआ। इस मौके पर सदर वशीरुल हक, जाहिद हुसैन, हारुण रशीद, मतवल्ली डा. मोसाफिर साहब, मेंबरान मोहर्रम शाह, शमसुद्दीन खान, विजेंद्र कुमार, आलमगीर खान, शेख मो. खलील, सगीर आलम, अमानत शाह, रामलाल महतो, रवींद्र कुमार यादव, सत्यदेव साह व राहुल कुमार यादव समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

# प्रखंड क्षेत्र में अर्द्धसैनिक बलों के ठहराव के लिए बनाए गए 10 केंद्र

**आंदर (सिवान)**= लोकसभा चुनाव को ले बाहर से आने वाले अर्द्धसैनिक बलों के ठहराव के लिए प्रखंड में 10 केंद्र बनाए गए हैं। यह जानकारी देते हुए बीडीओ सह सहायक निर्वाचन पदाधिकारी अभिषेक चंदन ने बताया कि श्यामलाल जैन उच्च विद्यालय दरौली, उच्च विद्यालय टड़वा, उच्च विद्यालय दोन, उत्क्रमित उच्च विद्यालय कन्या बलहूं, राजकीय मध्य विद्यालय चकरी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सरेयां रामपुर, मध्य विद्यालय डुमरहर, मध्य विद्यालय पचबेनिया, मध्य विद्यालय करोम तथा उत्क्रमित मध्य विद्यालय मठिया को अर्धसैनिक बलों के ठहरने के लिए चयनित किया गया है। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान क्षेत्र में किसी भी तरह के शरारती तत्वों पर नकेल कसने के लिए प्रशासन अभी से तैयार है। चुनाव के दौरान क्षेत्र में कहीं भी किसी भी प्रकार से मतदान एवं मतदाताओं को प्रभावित करने वाले तत्वों पर लगातार नजर रखी जा रही है। इस दौरान किसी भी तरह की वैसी गतिविधि जो आदर्श आचार संहिता के निर्देशों का उल्लंघन करते हैं उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने के लिए स्थानीय प्रशासन से लेकर जिला प्रशासन तक दृढ़संकल्पित है।

# राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय में हुई एक नई यात्रा की शुरुआत

**सिवान** =शहर स्थित राजकीय अभियंत्रण महाविद्यालय और एड्जेनिया प्रोजेक्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के बीच एक एमओयू (समझौता) का हस्ताक्षर हुआ है। इस मौके पर प्राचार्य डा. सूर्यकांत सिंह ने बताया कि इस समझौते से हम एक नई यात्रा की शुरुआत कर रहे हैं, जो विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई उड़ान भरने के लिए है। इस अवसर पर प्राचार्य ने अपनी खुशी व्यक्त की और कहा कि इस समझौता के माध्यम से सरकारी इंजीनियरिंग कालेज सिवान के छात्रों को एक और दरवाजा खोलने का अवसर प्राप्त होगा। एड्जेनिया प्रोजेक्ट इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के साथ यह समझौता एक साझेदारी का संकेत है, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को अपनी ऊर्जा, उत्साह और उत्कृष्टता को प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। यह समझौता सिवान क्षेत्र के विकास में एक महत्वपूर्ण कदम है। यह न केवल छात्रों को अधिक अवसर प्रदान करेगा, बल्कि क्षेत्र की आर्थिक और सामाजिक वृद्धि में भी मदद करेगा। इस साझेदारी से हम अधिक अनुसंधान, उद्यमिता और नवाचार को बढ़ावा देने के लिए एक साथ काम करेंगे।

# बड़हरिया में प्रेम प्रसंग में युवक की ईंट से कूचकर हत्या

- शव के पास मोबाइल व आधार कार्ड बरामद,मामले की जांच में जुटी पुलिस
- चोरी के मामले में भी था संलिप्त,चेहरे पर थे जख्म के निशान

**परवेज़ अख्तर /सिवान।** बड़हरिया थाना क्षेत्र के भलुआ गांव स्थित दक्षिण टोला चंवर में गुरुवार की सुबह एक युवक का शव बरामद किया गया। मृतक की पहचान सिसवां निवासी मो. नसीम के पुत्र मो. नसरुल्लाह के रूप में हुई है। चर्चा के अनुसार मो. नसरुल्लाह की हत्या प्रेम प्रसंग में हुई है और हत्या में शामिल बदमाशों ने उसकी ईंट से कूचकर हत्या की थी। नसरुल्लाह के शरीर पर कई जगह जख्म के निशान थे। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम हेतु सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जाता है कि गुरुवार की अल सुबह भलुआ चंवर स्थित चिमनी से एक युवक के शोर मचाने की आवाज आई। आवाज सुनकर जब ग्रामीण वहां पहुंचे तो पाया कि एक युवक का शव खून से लथपथ पड़ा था। ग्रामीणों ने घटना की सूचना थाना को दी। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष रूपेश कुमार वर्मा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गए। तलाशी के दौरान मृत युवक के जेब से मोबाइल तथा आधार कार्ड बरामद किया। आधार कार्ड से पहचान होने के बाद इसकी सूचना स्वजनों को दी गई । थानाध्यक्ष ने बताया कि मामला प्रेम प्रसंग का प्रतीत हो रहा है। संभवत= उसकी हत्या ईंट से कूच कर की गई है। घटनास्थल के आसपास कई ईंट के टुकड़े दिखाई दिए। उन्होंने कहा कि मृत मो. नसरुल्लाह चोरी के मामले में भी संलिप्त रह चुका है। घटना की जांच की जा रही है।

### मौत के बाद घर पर रोते बिलखते परिजन

बड़हरिया थाना क्षेत्र के सिसवां गांव में नसरुल्लाह की हत्या के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया। आसपास के ग्रामीण स्वजनों को ढाढ़स बंधा रहे थे। मृतक के पिता मो. नसीम अहमद ने बताया कि बुधवार की रात नसरुल्ला को अज्ञात लोग फोन करके भलुआ नहर के समीप बुलाए। कुछ देर तक उसके आने का इंतजार किया गया, जब वह देर रात तक नहीं लौटा तो स्वजनों की चिंता हुई। गुरुवार की सुबह पता चला कि उसकी हत्या भलुआ चंवर में कर दी गई है। इस घटना के बाद स्वजनों के रोने से माहौल गमगीन हो गया।

# सड़क दुर्घटना मामले में भाई ने कराई प्राथमिकी

**दारौंदा (सिवान)** =थाना क्षेत्र के मड़सरा पंचायत के रानीबारी बाजार के समीप बुधवार को हुई सड़क दुर्घटना में बड़हरिया थाना क्षेत्र के पहाड़पुर निवासी हरेंद्र मिश्र की मौत हो गई थी जबकि उनका पुत्र विशु कुमार मिश्र घायल हो गया था। इस मामले में मृतक भाई अशोक मिश्रा ने थाना में आवेदन देकर अज्ञात वाहन के विरुद्ध प्राथमिकी कराई है।

# चाकूबाजी में दो युवक घायल, एक हिरासत में

**हुसैनगंज (सिवान)** =थाना क्षेत्र के सहुली गांव में बुधवार की रात एक शादी समारोह से लौट रहे दो युवकों को चाकू से हमला कर घायल करने का मामला प्रकाश में आया है। इस संदर्भ में घायल युवक सहुली निवासी अभिषेक कुमार ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि व बुधवार की रात करीब साढ़े नौ बजे अपने मित्र अतुल कुमार के साथ शादी समारोह में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था तभी गांव के ब्रह्मस्थान के पास गांव के ही प्रिंस कुमार, चंद्र मियां उर्फ चनवा, जिउत राम एवं छट्ठू राम ने हमलोगों को घेरकर गालियां देते हुए मारपीट करने लगे। जब हमलोग इसका विरोध किए तो प्रिंस कुमार ने जेब से चाकू निकालकर मेरे पेट में तथा दोस्त अतुल की पीठ में प्रहार कर घायल कर दिया। हमलोगों द्वारा शोर मचाने पर आसपास के ग्रामीण वहां पहुंचते इसके पूर्व वे सभी फरार हो गए। ग्रामीणों द्वारा हमलोगों का इलाज अस्पताल में कराया। इस मामले में थानाध्यक्ष विजय कुमार यादव ने बताया कि मामले में पुलिस एक व्यक्ति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

# शार्ट सर्किट से दुकान में लगी आग, 35 लाख की संपत्ति जलकर राख

**बसंतपुर (सिवान)** = प्रखंड मुख्यालय स्थित एनएच 227 ए स्थित सिपाह मोड़ के समीप स्थित एक दुकान में बुधवार की रात शार्ट सर्किट आग लग गई। ग्रामीण कुछ समझ पाते देखते ही देखते दुकान में रखे 35 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। बाद में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई।

बताया जाता है कि सारण के बनियापुर थाना क्षेत्र के पिंडरा निवासी रविरंजन सिंह बसंतपुर स्थित सिपाह मोड़ के समीप मोमेंट्स रिटेल नामक दुकान का संचालन करते हैं। उन्होंने बताया कि बुधवार की रात दुकान बंद कर घर चले गए थे, तभी उनकी दुकान में शार्ट सर्किट से आग लग गई। इस दौरान दुकान में रखी करीब 35 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। घटना की सूचना अग्निशमन विभाग को दी गई। कुछ ही देर में अग्निशमन विभाग की गाड़ी पहुंच ग्रामीणों की मदद से आग पर काबू पाई। उन्होंने बताया कि इस अगलगी में दुकान में रखा पलंग, अलमीरा, एसी, फ्रीज, कूलर, एलईडी टीवी, इलेक्ट्रानिक सामान समेत करीब 35 लाख की संपत्ति जलकर राख हो गई। वहीं घटना की सूचना मिलते ही सीओ अजमत अली अंसारी ने घटनास्थल पर पहुंच कर क्षति का आकलन किया।

# बंद घर अवैध शराब बनाने की सामग्री व 140 लीटर शराब बरामद

**महाराजगंज (सिवान)** =थाना क्षेत्र के रामापाली गांव में उत्पाद विभाग ने एक घर से भारी मात्रा में शराब बनाने की सामग्री एवं 140 लीटर देसी शराब के साथ शराब तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष रत्नेश कुमार वर्मा ने बताया कि रामपाली गांव में गुड्डू चौधरी के सीलबंद मकान में उसके द्वारा अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा था। इसकी सूचना मिलते ही उत्पाद विभाग की टीम स्थानीय पुलिस के सहयोग से छापेमारी की जहां शराब बनाने की सामग्री यथा गैस चूल्हा, तीन गैस सिलेंडर एवं 140 लीटर देसी शराब बरामद की तथा मौके पर शराब धंधेबाज गुड्डू चौधरी को गिरफ्तार कर लिया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति को गुरुवार को जेल भेज दिया गया। थानाध्यक्ष ने बताया कि शराब मामले में उत्पाद विभाग द्वारा गुड्डू चौधरी के घर को सील किया गया था। इसके बावजूद वह चोरी-छीपे उसी घर में शराब बनाने का कार्य कर रहा था।

